हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 13 अगस्त 2025

06 जिले को तीन दिन तिरंगामय करने कलेक्टर...



07 साहब ! आवास तो मिल गया पर मकान बनाने नहीं ...





## खबर संक्षेप



### तिरंगा रैली का हुआ आयोजन

**गढाकोटा।** सागर जिले के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ाकोटा के तत्वावधान में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षक -शिक्षिकाओं ने विद्यालय प्रमुख राघवेन्द्र मिश्रा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत नारे लगाते हुए युवाओं में राष्ट्रीय जनजागरण के लिए प्रेरित किया।

### जनसुनवाई में हुई 131 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में 131 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जी आर, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक केवी, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव, आदित्य यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 131 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

### बसों पर तिरंगा लगाकर दिया जा रहा तिरंगा के प्रति सम्मान का संदेश

**सागर।** शासन के आदेश एवं कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन में संचालित हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के तहत जिले में तिरंगा से प्रेरित तिरंगा रैली, कला प्रतियोगिता, तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली और तिरंगा राखी निर्माण जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी के साथ क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज कुमार तेहनगुरिया ने बताया कि जिले में वाहन पर तिरंगा लगाकर तिरंगा के प्रति सम्मान एवं स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए संदेश दिया जा रहा है।

### स्वरोजगार हेतु ऋण आवेदन आमंत्रित

**सागर।** म.प्र.शासन की अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक उत्थान हेतु संचालित डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत जिले में बैंक के माध्यम से स्वरोजगार हेतु ऋण व शासन द्वारा ब्याज अनुदान सहायता का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना योजनांतर्गत सभी प्रकार के स्वरोजगार हेतु राशि रू. 10,000/- से 1,00,000 रूपये तक की बैंक सहायता प्रदान की जायेगी। ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित लोन पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित ऋण भुगतान पर दिया जाएगा साथ ही नियमानुसार सी.जी. टी.एम.एस.ई. (गारंटी शुल्क) शासन द्वारा दिया जावेगा। पात्र आवेदक अनूसूचित जाति वर्ग का हो, जिले का मूल निवासी हो एवं आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य हो, शैक्षणिक योग्यता आवश्यक नहीं। दस्तावेजों में स्थायी जाति, निवास, आय, आधार, फोटो, पेनकार्ड, समग्र आई. आवश्यक होंगे। आवेदन समस्त एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किये जा रहे हैं।

## प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों को और अधिक कारगर बनाएं : कमिश्नर

# खाद और बीज गुणवत्ता नियंत्रण में उदासीनता बरतने पर टीकमगढ़, निवाड़ी और छतरपुर के उप संचालक कृषि को नोटिस जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में सहकारिता विभाग द्वारा संचालित जन औषधी केन्द्रों को और अधिक बेहतर और जनोन्मुखी बनाने के निर्देश सहकारिता विभाग के अधिकारियों को दिए है। कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग के लिए स्वीकृत सभी 37 जन औषधी केन्द्रों को शीघ्र प्रारंभ कराएं और जन औषधी केन्द्रों के माध्यम से लोगों को बाजिब दामों में दवाईयां और अन्य सेवाएं मुहैया कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि जन औषधी केन्द्रों की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए जन औषधी केन्द्रों का व्यापक प्रचार प्रसार भी कराएं। बैठक में सहकारिता विभाग द्वारा संचालित कॉमन सर्विस सेण्टरों की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि कॉमन सर्विस सेण्टरों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी भी जन मानस तक पहुंचाने का प्रयास करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि कॉमन सर्विस सेण्टरों को और अधिक कारगर और बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएं। बैठक में सहकारी बैंकों में विभिन्न समीतियों के खाते खोलने की प्रक्रिया की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर जिले में विभिन्न समीतियों के खाते क्यों नहीं खोले गए इसके संबंध में सहायक आयुक्त सहकारिता को पत्र लिखें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर जिले में सहकारिता बैंकों में विभिन्न समीतियों के खाते खोलने के कार्य में उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही भी प्रस्तावित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सहकारी बैंकों में खाते खोलने में टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले के अधिकारियों द्वारा भी काफी उदासीनता बरती गई है। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले के सहकारिता विभाग के जवाबदेह अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्यवाही प्रस्तावित करें।

बैठक में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्रों की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने संभाग की सभी मंडियों में स्थित प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्रों को और अधिक बेहतर और कारगर बनाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्रों के माध्यम से किसानों को कृषि, पशुपालन, मत्स्यपालन की आधुनिक तकनीकि की जानकारी मिलना चाहिए। किसानों को विभिन्न मंडियों में अनाज और सब्जियों की दरों की जानकारी भी समय समय पर मिलना चाहिए। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग की मंडियों में संचालित प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र सतत रूप से सक्रिय होकर कार्य करें। इसकी समुचित व्यवस्थाएं अधिकारी सुनिश्चित करें।

कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग के सभी मिट्टी परीक्षण केन्द्र सक्रिय रूप से कार्य करें इसकी व्यवस्था कृषि विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करें। बैठक में खाद वितरण की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग के तेन्दुखेड़ा, पथरिया, जबेरा क्षेत्र के किसानों को समुचित खाद प्राथमिकता के साथ मुहैया कराएं।

बैठक में चालू खरीफ फसलों की स्थिति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीण क्षेत्रों का सतत रूप से भ्रमण करें, फसलों की स्थिति का अवलोकन करें तथा किसानों से जीवन्त संपर्क स्थापित कर किसानों को फसलों में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए किए जा रहे बचाव के तरीके बताएं।

बैठक में कमिश्नर ने चालू खरीफ सीजन में सागर संभाग के निवाड़ी, टीकमगढ़ एवं छतरपुर जिलों में खाद और बीज की गुणवत्ता नियंत्रण के लिए लक्ष्य के विरुद्ध अपेक्षित कार्य नहीं करने पर कमिश्नर ने उप संचालक कृषि कल्याण टीकमगढ, उप संचालक कृषि कल्याण निवाड़ी एवं उप संचालक कृषि कल्याण छतरपुर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में खाद एवं बीज गुणवत्ता नियंत्रण के लिए की गई कार्यवाही की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों में चालू सीजन में खाद और कीटनाशकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सघन जांच कार्यक्रम प्रारंभ किए जाएं। कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग के किसानों को उच्च गुणवत्ता के बीज, उर्वरक और कीटनाशक उपलब्ध हों यह सभी अधिकारी सुनिश्चित करें।

बैठक में केन्द्रीय सहकारी बैंक मर्यादित के कार्यों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए की सागर संभाग में कालातीत ऋणों की वसूली के लिए निरंतर प्रयास करें। बैठक में मंडी समीतियों के कार्यों की समीक्षा के दौरान मंडी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सागर संभाग में पिछले वित्तीय वर्ष के अपेक्षा चालू वित्तीय वर्ष में 6 प्रतिशत आवक बढ़ी है। सागर संभाग में सागर संभाग की मंडियों को 6 करोड़ 64 लाख रुपए की मंडी शुल्क प्राप्त हुई है। बैठक में कमिश्नर द्वारा एमपीएग्रो के कार्यों की भी समीक्षा की गई।



### जिला, पुलिस प्रशासन ने निकाली बाइक तिरंगा रैली

**सागर।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार हर-घर स्वच्छता हर घर तिरंगा स्वतंत्रता उत्सव के अवसर पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से बाइक रैली का आयोजन किया, जिसको संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने हरी झंडी दिखाकर कलेक्टर कार्यालय परिसर से रवाना किया जो की पीली कोठी, नगर निगम, डिग्री कॉलेज चौराहा, गोपालगंज, लाल स्कूल, आईजी ऑफिस, जिला पंचायत चौराहा से होती हुई पुलिस लाइन में संपन्न हुई। तिरंगा रैली में कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा रैली का नेतृत्व कर रहे थे। वहीं रैली के पीछे बड़ी संख्या में पुलिस बल, अनुसूचित जाति जनजाति छात्रावास के छात्र अपनी अपनी बाइक पर हेलमेट लगाकर रैली में तिरंगा लिए चल रहे थे। तिरंगा रैली जैसे ही कलेक्टर कार्यालय परिसर से शुरू हुई और इंद्रदेव ने भी वर्षा शुरू की इसी वर्षा के साथ-साथ रैली आगे बढ़ती गई और देशभक्ति गीतों के साथ रैली का पुलिस लाइन परिसर में समापन हुआ। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में हर-घर तिरंगा हर-घर स्वच्छता अभियान चल रहा है जिसके परिपेक्ष में तिरंगा रैली, स्वच्छता अभियान, रंगोली चित्रकला, पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है इसी के साथ पब्लिक ट्रांसपोर्ट ,शासकीय भवन और निजी भवन में भी तिरंगा लगाकर राष्ट्र प्रेम देशभक्ति का संदेश दिया जा रहा है।




### संभाग कमिश्नर के निर्देश पर लगातार किया जा रहा है विद्यालयों का निरीक्षण

**सागर।** संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी के निर्देश पर संयुक्त संचालक मृत्युंजय कुमार के द्वारा सागर जिले सहित सभी संभाग के विद्यालयों का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है एवं आवश्यक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है। संयुक्त संचालक शिक्षा मृत्युंजय कुमार ने पीएमश्री एकीकृत शासकीय जूनियर बेसिक हाई स्कूल देवरी सागर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्था से सुषमा स्वामी प्रभारी प्राचार्य, पीडी प्रजापति माध्यमिक शिक्षक, प्रदीप मेहरा माध्यमिक शिक्षक, रजनी चौरसिया माध्यमिक शिक्षा, महिमा मिश्रा माध्यमिक शिक्षक, गायत्री सोनी माध्यमिक शिक्षा, वंदना जवारे माध्यमिक शिक्षक, मोहन सोनी माध्यमिक शिक्षक, अवधेश पाठक माध्यमिक शिक्षा एवं ज्योति बृजपुरिया प्राथमिक शिक्षक साथ ही 04 अतिथि शिक्षक क्रमशः दीपाली सोनी, किरण मिश्रा, उमाशंकर दुबे एवं नौशाद खान भी संस्था से अनुपस्थित पाए गए। सभी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की गई है।



### तिरंगा देश भक्ति, राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करता है : कलेक्टर संदीप जी आर

**सागर।** तिरंगा देश भक्ति, राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करता है। उक्त विचार कलेक्टर ने उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में हर घर तिरंगा, हर-घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। इस अवसर पर प्राचार्य सुधीर तिवारी सहित शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि हमारे देश का तिरंगा झंडा राष्ट्र प्रेम और देशभक्ति की भावना को जागृत करता है हमें इस भावना को हमेशा बरकरार रखते हुए अपने राष्ट्रीय झंडा के मान को बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश शासन के द्वारा हर-घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता के अंतर्गत जो राष्ट्रीय उत्सव मनाया जा रहा है इसके लिए हमें जागरूक होना होगा और अपने-अपने घरों पर तिरंगा झंडे को लगाये। कार्यक्रम में कलेक्टर ने सभी छात्र-छात्राओं से कहा कि सभी पूरे मन लगाकर पढ़ाई करें और अधिक से अधिक डॉक्टर, इंजीनियर की प्रतियोगिता प्रतियोगी परीक्षा में शामिल हो और मुकाम को हासिल करें। उन्होंने कहा कि आप सभी को डॉक्टर, इंजीनियर सहित अन्य पदों पर जाने के लिए आपका मार्गदर्शन हेतु अलग से मार्गदर्शन कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं से पूछा कि कौन-कौन, क्या-क्या बनेगा इस पर छात्र-छात्राओं ने हाथ उठाकर कहा कि हम डॉक्टर बनेंगे हम इंजीनियर बनेंगे इसी प्रकार अनेक छात्र छात्राओं ने कहा कि हम आर्मी एवं पुलिस में भी जाएंगे।

## विवि में 'विश्व आदिवासी दिवस' पर विशेष आयोजन स्वदेशी ज्ञान और आधुनिक चुनौतियों पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के मानवविज्ञान विभाग में विश्व के स्वदेशी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। विभाग के अध्यक्ष, प्रो. अजीत जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वदेशी समुदायों के महत्व और उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रो. अजीत जायसवाल ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने इस दिवस के महत्व, प्रासंगिकता और मूल्य पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कई उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि कैसे स्वदेशी समुदाय अपनी संस्कृति, ज्ञान और प्रकृति के साथ अपने गहरे संबंधों के कारण विश्व के लिए एक महत्वपूर्ण धरोहर हैं। उनका संबोधन इस बात पर केंद्रित था कि हमें इन समुदायों से बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। इस अवसर पर, प्रो. उमेश पाटिल, जो विश्वविद्यालय के स्वदेशी ज्ञान अध्ययन केंद्र के निदेशक हैं, ने एक विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने विश्व आदिवासी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि आधुनिक समाज स्वदेशी समुदायों से क्या सीख सकता है।प्रो. पाटिल ने इस बात पर जोर दिया कि स्वदेशी लोगों ने अपने प्राकृतिक परिवेश से गहरे जुड़ाव के माध्यम से सामान्य होमियोस्टैसिस को बनाए रखने के अद्वितीय तरीके विकसित किए हैं। इसके विपरीत, उन्होंने चेतावनी दी कि आज की आधुनिक जीवनशैली में लोग बढ़ती स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जिसमें अल्जाइमर रोग जैसी बीमारियाँ भी शामिल हैं। उन्होंने अल्जाइमर को अल्प कालिक स्मृति के नुकसान के रूप में वर्णित किया।

उन्होंने लंबे समय तक स्क्रीन टाइम और लगातार मोबाइल फोन के उपयोग के हानिकारक प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। प्रो. पाटिल ने कहा कि ऐसी आदतें मस्तिष्क के कामकाज को बाधित कर सकती हैं, जिससे ध्यान और स्मृति का नुकसान हो सकता है। उन्होंने दर्शकों से आग्रह किया कि वे संज्ञानात्मक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए तकनीकी उपयोग और प्रकृति से जुड़े स्वस्थ जीवन के तरीकों के बीच संतुलन स्थापित करें।




### कांग्रेस ने चुनावों में वोट चोरी का किया विरोध, केंद्र सरकार का पुतला फूंका

**सागर।** वोटर वेरीफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी के विरोध मे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव सहित अन्य सांसदों को, संसद से चुनाव आयोग तक निकाले जा रहे, शांतिपूर्ण पैदल मार्च में पुलिस द्वारा बलपूर्वक रोकने एवं उपस्थित विपक्षी सांसदों को गिरफ्तार किए जाने के विरोध में मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर आज जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्र सरकार का पुतला दहन रामाश्रम होटल के सामने बस स्टैंड सागर मे किया गया। इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार पचौरी नें कहा कि कांग्रेस द्वारा चुनावो में वोट चोरी के विरोध केंद्र सरकार का आज पुतला दहन किया गया है । विपक्षी सांसदों को को आवाज उठाने पर गिरफ़्तार करना केंद्र सरकार की हिटलर शाही और तानाशाही प्रवत्ती को दर्शाता है। भाजपा की सरकार वोट चोरी करती है। जनता की वोट को चोरी करना भाजपा का काम है। पुतला दहन कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे कांग्रेस जन और जनता उपस्थित रहीं। पं मुन्ना चौबे, सुनील जैन पूर्व विधायक, अमित दुबे राम जी, मुकुल पुरोहित, प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी, अवधेश तोमर, नेता प्रतिपक्ष बाबू यादव, चक्रेश सिंघई,पप्पू गुप्ता, मुन्ना यादव, सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे, महेश जाटव कमलेश तिवारी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे, रमाकांत यादव,सागर साहू,महेश अहिरवार, अरविंद ठाकुर, अजय राजपूत, हरिश्चंद्र सोनबार उपस्थित थे।

### नगर निगम में हुई जनसुनवाई में समस्याओं के निराकरण हेतु कार्रवाई के दिए निर्देश

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार नवीन कार्यालय भवन में नगर निगम सीमा क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। जनसुनवाई में नगर निगम के अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों कोउनके आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए । जनसुनवाई में मीरा अहिरवार अंबेडकर वार्ड, राजा बाल्मिकी सिविल लाइन वार्ड, शिवांश ठाकुर बाघराज वार्ड, शिवेंद्र पांडेय, रतनलाल यादव शिवाजी नगर वार्ड एवं राजेश कोरी मकरोनिया ने अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा जिनके निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में उपायुक्त एस एस बघेल, कार्यालय अधीक्षक मनोज अग्रवाल सहित समस्त विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## वरिष्ठ भाजपा नेता लखन सिंह ने किया तिरंगा यात्रा का नेतृत्व

# मालथौन की तिरंगा यात्रा में देश भक्ति का जज्बा बरसते पानी में तिरंगा थामे निकले हजारों लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




भारतीय जनता पार्टी मालथौन मण्डल द्वारा क्षेत्रीय विधायक व पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में खुरई विधानसभा क्षेत्र में चलाये जा रहे देशव्यापी विजय उत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। मालथौन में तेज वारिश के दौरान भी युवाओं और कार्यकर्ताओं में दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ किला प्रांगण से बस्ती भ्रमण करते हुए बस स्टेण्ड तक तिरंगा यात्रा निकाली और बस स्टेण्ड पर आमसभा का आयोजन किया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इच्छाशक्ति और नेतृत्व सहित सेना के शौर्य, पराक्रम एवं देशवासियों की एकजुटता के संकल्प से ऑपरेशन सिंदूर पूर्णतः सफल रहा। इसी सफलता को नमन करते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश व्यापी तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत खुरई विधानसभा क्षेत्र की द्वितीय दिवस की यात्रा मालथौन में आयोजित की गई। जिसका नेतृत्व युवा भाजपा नेता लखन सिंह, बामोरा द्वारा किया गया। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में नागरिकों, युवाओं व मातृशक्ति की उपस्थिति सराहनीय रही, डीजे की धुन पर सभी तिरंगा लहराते हुये वारिश के दौरान भी आगे बढ़ते रहे और भारत माता की जय व वन्दे मातरम की गूंज से मालथौन की गलियां गुंजायमान हो गयी। मालथौन में यहां बरसते पानी में देशभक्ति के जब्जे के साथ विशाल तिरंगा यात्रा निकली,भीगते हुए युवा ,हर एक व्यक्ति हाथों में तिरंगा ध्वज लहराते व भारतमाता की जयकारे लगाते चल रहे थे। जगह जगह तिरंगा यात्रा का लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। यात्रा में बच्चों द्वारा सजाई गई झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

नगर के किला प्रांगण से तिरंगा यात्रा की शुरुआत हुई यात्रा में विधायक प्रतिनिधि लखन सिंह ठाकुर शामिल हुए। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि आप सबने बढ़ चढ़कर भाग लिया ,आपकी देश भक्ति के जब्जे को सलाम करते है बरसते पानी मे हजारो की संख्या में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा की शुरुआत पूरे देश मे हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। हमसब लोग हर साल तिरंगा यात्रा निकाल कर अपने घरों पर ध्वज फहराते हैं आने वाली पीढ़ी के लिये जागरूक बने। अपने देश के प्रति निष्ठाये हो आने वाली पीढ़ी देश का भविष्य है और देश के भविष्य को आने वाली हमारी पीढ़ी युवा आगे ले जा सकती है। मालथौन बस स्टेण्ड पर आयोजित तिरंगा यात्रा आम सभा को संबोधित करते हुए श्री लखन सिंह बामोरा ने देश के स्वाभिमान और सेना के पराक्रम को याद करते हुए हर-घर तिरंगा अभियान और सभी जगह तिरंगा यात्राओं को सफल बनाने का आव्हान उपस्थित नागरिकों से किया। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक प्रधानमंत्री और देश के वरिष्ठ नेताओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद दिये गये भाषणों को सुने और पढ़कर सभी कार्यकर्ता जन-जन तक देश के विजय उत्सव की गाथा पहुंचायें।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली भव्य रैली, सेल्फी पॉइंट भी बना

# जिले को तीन दिन तिरंगामय करने कलेक्टर व एसपी के प्रेरक प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आजादी के 78वें वर्ष के उपलक्ष्य में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक जिले को तीन दिन तिरंगामय करने के उद्देश्य से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने मिलकर सार्थक व प्रेरक प्रयास प्रारंभ कर दिए हैं। हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत जिला मुख्यालय पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एबं पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में नजरबाग परिसर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा शहर के मुख्य चौराहो गांधी चौराहा, पुराना बस स्टैंड, जय स्तंभ, अंबेडकर चौराहा, डाकघर, अस्पताल चौराहा से होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची और पुनः नजर बाग पहुंचकर तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान देशभक्ति के गीतों और नारों के बीच रैली में शामिल प्रत्येक पुलिसकर्मी हाथों में तिरंगा लेकर आगे बढ़ा। इस दौरान संपूर्ण मार्गो पर देशभक्ति का उत्साह देखते ही बन रहा था।

### कलेक्टर ने की सेल्फी लेकर साइट पर अपलोड करने की अपील

हर घर तिरंगा अभियान अन्तर्गत कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने नजरबाग मंदिर परिसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बनाए गये सेल्फी पॉइंट पर तिरंगा झण्डे के साथ सेल्फी ली। इस दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने जिले के नागरिकों से हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान से जुड़कर 13 से 15 अगस्त तक घर-घर तिरंगा झंडा फहराने तथा तिरंगा झंडा के साथ सैल्फी लेकर उस फोटो को पोर्टल पर अपलोड करने की अपील की। पोर्टल की जानकारी फेसबुक पर कलेक्टर व पीआरओ की फेसबुक आईडी सहित अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से दी गई है।

### जिले के समस्त थाना चौकी क्षेत्र में भी आयोजित हुई तिरंगा रैली




इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मंडलोई के निर्देशन में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी और थाना व चौकी प्रभारी द्वारा भी तिरंगा रैली एवं बाइक रैली आयोजित की गई। इन रैलियों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पत्रकार, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी और बड़ी संख्या में आमजन ने सहभागिता की। जिला पुलिस द्वारा हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत सोशल मीडिया के माध्यम से भी व्यापक जनजागरूकता और प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। साथ ही पुलिसकर्मियों के आवासों पर तिरंगा ध्वज फहराने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।



## फोर वीलर ने बाइक को मारी टक्कर चालक गंभीर, महिला भी जख्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के बुड़ेरा थाना अंतर्गत बल्देवगढ़ रोड पर बरियाढोंगा तिगेला के पास दोपहर के वक्त एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें फोर व्हीलर वाहन ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी पत्नी भी चोटिल हो गई। जानकारी के अनुसार, घायल युवक की पहचान राजू गोंड निवासी ग्राम पंचायत नन्नीटेहरी के रूप में हुई है। बताया गया कि राजू गोंड अपनी पत्नी के साथ आधार कार्ड सुधरवाने के लिए बल्देवगढ़ गए थे। ज़ब बो लौटकर अपने घर जा रहे थे तो वह जैसे ही वे बरियाढोंगा तिगेला के पास पहुंचे तब सामने से आ रही तेज रफ्तार फोर व्हीलर ने उनकी प्लैटिना बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राजू गोंड गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी पत्नी को भी कई जगह चोटें आईं।

**108 वाहन न मिलने पर ग्रामीणों ने अपनी गाड़ी से घायलों को पहुंचाया अस्पताल**

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और जानकारी करके तुरंत परिजनों को खबर दी। ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस को कॉल किया, लेकिन करीब एक घंटे तक इंतजार करने के बाद भी 108 वाहन मौके पर नहीं पहुंचा। आखिरकार, घायलो की गंभीर होती जा रही स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने अपनी निजी गाड़ी से राजू गोंड और उसकी पत्नी को अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल दोनों का इलाज जारी है और पुलिस ने वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

*जनकल्याण क्षेत्र में किया गया सीसी रोड भूमि पूजन व पौधरोपण*

## जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही मेरा प्रयासः विधायक यादवेन्द्र सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान

श्रीउदार सागर जनकल्याण क्षेत्र अंतौरा तिगैला पर रविवार को सीसी रोड निर्माण के लिए भूमि पूजन एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला शामिल हुए। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सूर्य प्रकाश मिश्रा एवं महेंद्र सिंघई बड़ागांव ने की। लगभग 6 लाख की लागत से बनने वाली इस सीसी रोड का भूमि पूजन अतिथियों के करकमलों से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के पश्चात जनकल्याण क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर विधायक यादवेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि वे स्वयं को जनता का सेवक मानते हैं और जनता द्वारा सौंपे गए कार्यो को विश्वास के साथ निभाना ही उनका प्रथम कर्तव्य है। उन्होंने कहा, मैंने जनता से जो भी वादा किया है, उन्हें पूरा करने का प्रयास किया है। चाहे सड़क निर्माण हो, शिक्षा की सुविधा हो या स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे हो। क्योंकि जनता ने अपने विकास कार्यो को पूर्ण कराने के लिए ही विश्वास करते हुए मुझे विधायक बनाया है और जनता की इन्ही अपेक्षाओं और विश्वास पर मैं खरा उतरने का प्रयास करता रहूगा। उक्त कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन अंतौरा सरपंच पुष्पेंद्र यादव ने किया। इस दौरान महेंद्र सिंह जसवंत नगर, लक्ष्मण रैकवार, नारायण यादव ककरवाहा, नन्हे राजा डूंडा, सेठ सुखानंद, राकेश हटैया, प्रकाश सिंघई, हुकमचंद हटैया, प्रसन्न चौधरी, धीरेंद्र सिंघई, अजीज खान, रानू सिंघई, हरगोविंद तिवारी, संदीप जैन, कूरे लोधी, आर.डी. पाठक, धनीराम यादव परा, रघुवीर यादव मौखरा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



## सेनानियों ने राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर किया सर्वस्व न्योछावरः अनुराग वर्मा

**टीकमगढ़।** स्थानीय ढोंगा स्थित प्रतिमा स्थल पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा स्वच्छता अभियान और श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बरिष्ठ भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा की उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. नाथूराम बाल्मीक और स्व. श्यामनारायण कश्मीरी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि प्रतिमा स्थल पर साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस मौके पर बरिष्ठ भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। तब हमें आजादी मिली है। इसलिए आज़ादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हम सब इन शहीदों की शहादत का स्मरण कर, स्वच्छ और स्वस्थ समाज की दिशा में कार्य करने का संकल्प लेते हैं। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष एबं आशुतोष भट्ट, रोहित खटीक, रीतेश भदौरा, मनोज देवलिया, अंकित तोमर, गोपाल राय, प्रतेंद्र सिंधई, मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी, जनमेजय तिवारी, ब्रजकिशोर तिवारी, मुन्नालाल साहू, पुष्पा यादव, विभा श्रीवास्तव, पंकज प्रजापति, पिंटू मिश्रा, रोहित वैसाखिया, गोकुल प्रजापति, सूरज कड़ा, सुरेश दोंदरिया, निर्मल नीरज शर्मा, अरविंद श्रीवास्तव, शिवचरण उटमालिया, शुभम व्यास, विक्रम बाल्मीक, हनी जैन, देवेंद्र नापित, अंशुल सोनी, जितेंद्र जैकी यादव, संस्कार रजक, संकल्प जैन, अक्षय प्रताप सिंह, राजेश सोनी, हिमांशु जैन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

*समूह व स्कूल प्रबंधन के संयुक्त प्रयासों से दिया जा रहा पौष्टिक स्वादिष्ट भोजन*

## कंजना का सरकारी स्कूल बना मिसाल पढ़ाई के साथ सेहत का भी ख्याल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



सरकारी स्कूलों को लेकर अक्सर लापरवाही और अव्यवस्था की शिकायतें सुनने को मिलती रहती हैं, लेकिन जिले के ग्राम कंजना का पीएम शासकीय हाई स्कूल और माध्यमिक शाला इस धारणा को बदलते नजर आ रहे हैं। क्योंकि यहाँ की व्यवस्थाएं किसी मॉडल स्कूल से कम नहीं हैं। स्कूल में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन देकर उनके स्वास्थ्य का भी खास ख्याल रखा जा रहा है। स्कूल में मध्यान्ह भोजन वितरित करने बाला शैलानी बाबा स्वसहायता समूह और स्कूल प्रबंधन के संयुक्त प्रयासों से विद्यालय में बच्चों को मेन्यु के अनुसार पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन समय पर उपलब्ध कराया जाता है। उक्त मध्यान्ह भोजन स्वच्छ वातावरण में तैयार किया जाता है और बच्चो को परोसा जाता है। जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ झलकता है। मध्यान्ह भोजन वितरित करने बाले समूह की अध्यक्ष एवं सचिव आशमीन रानी वानो के मार्गदर्शन में विद्यालय में स्वच्छता, पोषण और स्वाद पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कक्षाएं साफ-सुथरी और व्यवस्थित हैं, जबकि खेल-कूद व सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी पर्याप्त स्थान और माहौल उपलब्ध है। स्थानीय लोग और अभिभावक इस स्कूल की तारीफ करते नहीं थकते। उनका कहना है कि यहाँ की सुविधाओं से बच्चों का स्वास्थ्य सुधर रहा है और पढ़ाई में उनकी एकाग्रता व प्रदर्शन बेहतर हो रहा है। कंजना का यह विद्यालय इस बात को साबित करता है कि यदि इच्छाशक्ति और सही प्रबंधन हो, तो सरकारी स्कूल भी निजी संस्थानों से बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। यह स्कूल क्षेत्र के अन्य स्कूलों के लिए प्रेरणाश्रोत बनता जा रहा है।

## पाहुना नाट्य संस्था ने शहर में निकाली जागरूकता संदेश यात्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व दिनों में शहर में देशभक्ति और स्वच्छता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। पाहुना नाट्य संस्था द्वारा मंगलवार को शहर में जागरूकता संदेश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें जन जन को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का ध्यान रखते हुए ध्वज को फहराने और सजाने की अपील की गई है। संदेश यात्रा की शुरुआत अनंतपुर से हुई और यह पीजी कॉलेज तक पहुंची। यात्रा के दौरान कलाकारों ने विभिन्न संस्थानों में जाकर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने का संदेश दिया। यात्रा में कलाकारों ने देहात थाना, कलेक्ट्रेट, हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 1, हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 2 और पीजी कॉलेज में पहुंचकर अधिकारियों, प्राचार्यों और कर्मचारियों से राष्ट्रीय ध्वज को सम्मानपूर्वक फहराने और सजाने की अपील की। संस्था के कलाकारों ने अस्पताल चौराहे पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर स्वच्छता का संदेश भी दिया, जिससे उपस्थित लोगों में जागरूकता फैली। पाहुना नाट्य संस्था के सचिव संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान 2 से 15 अगस्त तक पूरे देश में चलाया जा रहा है। संस्था ने इस अभियान को शहर में प्रेरणादायक तरीके से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। उक्त संदेश यात्रा का डिप्टी कलेक्टर सुनील कुमार तोमर, देहात थाना प्रभारी, पीजी कॉलेज के प्राचार्य के.सी. जैन, हायर सेकेंडरी क्रमांक 1 के प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव और हायर सेकेंडरी क्रमांक 2 के प्राचार्य अहिरवार ने स्वागत किया और कलाकारों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर पाहुना नाट्य संस्था के सदस्य कुलदीपक शर्मा, फ़ज़्ा रज़वी रंगरेज, मानस जैन, मानसी जैन, मनोज लोधी, राजेश विश्वकर्मा, कृष्णा कुशवाहा, अरविंद सिंह बुंदेला, अनिकेत जैन, वृंदावन अहिरवार, ओम लिटोरिया, दीक्षा लिटोरिया और बृजकिशोर नामदेव सहित कई कलाकार उपस्थित रहे।

### एसपी ने शुरू किया आत्मरक्षा व आत्मविश्वास को लेकर स्वयं सिद्धा अभियान



**टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में ऑपरेशन स्वयं सिद्धा के अंतर्गत मंगलवार को शहर के गुरु नानक संस्कार स्कूल में एक विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण विद्यालयीन छात्र-छात्राओं में आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा और महिला आरक्षक मानसी तिवारी ने बच्चों को आत्मरक्षा की बुनियादी बातें समझाईं। वहीं, जूडो-कराते प्रशिक्षक ब्लैक बेल्ट अंजली विश्वकर्मा और काजल रैकवार ने जूडो-कराते की विभिन्न तकनीकों का सजीव प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण के दौरान न केवल छात्रों को वार और बचाव की तकनीकें सिखाई गईं, बल्कि उन्हें मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास बनाए रखने के टिप्स भी दिए गए। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और प्रशिक्षण के हर चरण में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बच्चों ने जोश के साथ बुनियादी से लेकर उन्नत तकनीकों का अभ्यास किया। विद्यालय प्रबंधक इंद्रपाल सिंह ओबेरॉय सहित संपूर्ण विद्यालय स्टाफ ने प्रशिक्षण के दौरान छात्रों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें आत्मरक्षा को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण केवल शारीरिक क्षमता नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास का भी विकास करता है। यह बच्चों को आपात स्थितियों में त्वरित निर्णय लेने की क्षमता देता है और उन्हें हर परिस्थिति में साहस के साथ खड़े होने का हौसला प्रदान करता है।

*विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने तहसीलदार को सौंपा संयुक्त ज्ञापन*

## गौवंश सुरक्षा को लेकर सड़कों पर उतरे कार्यकर्ताओं का हल्लाबोल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

सड़कों पर भटक रहे गौवंश को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार के दिन तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर को एक संयुक्त ज्ञापन सौंपा। जिसमें नगर पलेरा के वार्ड नंबर 9 में बनी कांजी हाउस (कानी भोत) को हटा कर वर्तमान में चल रहे कार्य को रोक लगाए जाने के साथ ही बजरंग दल कार्यकर्तओं ने मांग की है कि वही उसी जमीन पर गौवंश के लिये कांजी हाऊस का पुनः निर्माण कराया जाये। जिससे घायल गौवंश का इस स्थल पर बेहतर इलाज हो सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कांजी हाउस के 3 कमरे बने हुये है, जिनको तत्काल खाली कराया जाए। बजरंग दल कार्यकर्तओं ने कहा है कि गौवंश की जमीन पर हम किसी को भी कब्जा नही करने देंगे। नगर में बस स्टैंड की सड़कों पर आवारा गौवंश दम तोड़ रहे है। उक्त घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही न होने के चलते नगर में गौवंश की दुर्दशा को लेकर आक्रोश पैदा हो रहा है।

### ग्राम रामनगर बुजुर्ग में निकाली गई तिरंगा यात्रा



राज्य शासन के निर्देशानुसार 79वें स्वतंत्रता दिवस पर ह्यह्नहर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, ह्लस्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संगह्नह्न अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों संचालित की जा रही है। इस दौरान तिरंगा रैली, तिरंगा वाहन रैली, रंगोली, पेंटिंग एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही स्वच्छ सुजल गांव की शपथ दिलाई गई जा रही है। अभियान के तहत 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित होंगी। इसी क्रम में मंगलवार की सुबह ग्राम पंचायत रामनगर बुजुर्ग में तिरंगा यात्रा निकाली गई। शासकीय माध्यमिक शाला से तिरंगा यात्रा प्रारंभ होकर ग्राम पंचायत के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए विद्यालय में यात्रा का समापन किया गया। इस यात्रा में सभी शालाओं के छात्र एवं छात्राएं समेत ग्राम सरपंच महेश कुमार यादव, सचिव वीरेंद्र सिंह चौहान, सह सचिव दिनेश यादव, हाई स्कूल प्राचार्य धीरेंद्र जाटव, माध्यमिक शाला प्रभारी अभिषेक गंगेले, प्राथमिक शाला प्रभारी लीलाराम यादव, समस्त विद्यालय के अतिथि शिक्षक एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

### भूमिस्वामी अधिकार योजना में राजस्व अमले की ढीक पोल से पात्र हितग्राहियों को भी नहीं मिल रहा अपने घर का लाभ

# साहब! आवास तो मिल गया पर मकान बनाने नहीं मिल रही जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

साहब! पंचायत ने हमें बेघर मानकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ तो दिला दिया है पर मकान बनाने के लिए जमीन नहीं मिल रही है। इसलिए सरकार हमारे बैंक खाते में आवास की राशि नहीं डाल रही है। सरपंच बोलते हैं कि आवास के लिए जमीन आप दिलवाओगे, इसलिए 50 कोस दूर से चलकर आपके पास आए हैं। यह बात मंगलवार को जनसुनवाई में रघुनाथपुर गांव से पहुंचे घुमक्कड़ जाती (लोहपीटा) समुदाय के ग्रामीणों ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को आवेदन देते हुए कही। दरअसल इस गांव खुले आसमान तले रहने वाले लोहपीटा समुदाय के करीब एक दर्जन परिवार जो आसमान तले सोने को मजबूर हैं, उन्हें ग्राम पंचायत ने पीएम आवास योजना में पात्र तो मान लिया है लेकिन मकान बनाने के लिए जमीन नहीं होने से वह आवास नहीं बनवा रहे हैं। दरअसल ऐसे गरीब बेघर लोगों को आवास बनाने के लिए भूमिस्वामी अधिकार योजना के तहत जमीन पट्टे पर दिए जाने का प्रावधान हैं




लेकिन राजस्व विभाग की लेतलाली के चलते जिले में इस योजना के तहत गरीबों को आवास के पट्टे मिल ही नहीं पा रहे हैं।

बेघर परिवारों को अपने घर का सपना पूरा कराने वाली प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों के खातों में भी सरकार उनके पास भवन बनाने के लिए पर्याप्त जमीन के अधिकार नहीं होने के चलते रुपए नहीं डाल रही है। जबकि ऐसे हितग्राही जिनके पास जमीन नहीं है उन्हें धारणा अधिकार के तहत मकान बनाने के लिए भूमि के पट्टे दिए जाने का प्रावधान है। शहरी क्षेत्र में करीब 1500 लोगों ने आवेदन भी किए हैं जिसमें से 327 हितग्राही तो ऐसे है जिनके आवाम स्वीकृत भी हो चुके हैं लेकिन उनके बैंक अकाउंट में राशि इसलिए नाहीं डाली जा रही है क्योकि राजस्व विभाग उन्हें उनकी ₹भूमिस्वामी अधिकार₹ के तहत उस जमीन का पट्टा भी नहीं दे रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में तो स्थिति और भी खराब है। जिले की तीनों जनपद पंचायत क्षेत्र में सैकड़ों ग्रामीणों ने धारणाधिकार योजना के तहत आवेदन ऑनलाइन किए हैं इनमें से कइयों के तो आवास स्वीकृत हो चुके हैं लेकिन आवास बनाने के लिए उन्हें जमीन उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने कई समस्याओं का मौके पर ही किया निराकरण




कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जन सुनवाई करते हुए 138 लोगों की समस्याए सुनी और कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करते हुए जरूरतमंदो को शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाया। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा तौफिक खान निवासी गांधीनगर को रेडक्रॉस के माध्यम से न केवल 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई, बल्कि लकवे की बीमारी से दिव्यांग हुए तौफिक का पंजीयन मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत कराये जाने के निर्देश भी दिए गए। इसके साथही बुजुर्ग रोशन डोम निवासी दांतरदा कला को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत वृद्धावस्था पेंशन का लाभ मौके पर ही प्रदान किया गया। पेंशन योजना का स्वीकृति आदेश तत्काल ही जनसुनवाई के दौरान ही सौपा गया, जिससे बुजुर्ग को अब 600 रुपए प्रतिमाह पेंशन प्राप्त होगी। कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान 5 बच्चों को स्पोन्सरशिप योजना का लाभ देने के निर्देश दिये गये। ग्राम शंकरपुर निवासी महिला बादाम बंजारा ने जनसुनवाई के दौरान बताया कि उसके पति स्व. नेतराम बंजारा की मृत्यु के बाद 5 बच्चों के भरण पोषण की जिम्मेदारी उसी पर आ गई है, ऐसे में आर्थिक परेशानी का सामना करना पड रहा है, इस पर निर्देश दिये गये कि बच्चों को मिशन वात्सल्य अंतर्गत स्पोन्सरशिप योजना में लाभ दिया जायें, जिससे प्रत्येक बच्चें को प्रतिमाह 4-4 हजार रूपये की राशि प्राप्त होगी।जनसुनवाई में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, बीएस श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली में रखे चोरी के सरसों के कट्टे किए बरामद, चोर भी नामजद

# घर के लोगों को कमरों में बंद कर चोरों ने चुराए सरसों के कट्टे, पुलिस पीछे दौड़ी तो छोड़ भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

ओछापुरा थाना पुलिस ने सूचना मिलने के साथही जो सक्रियता दिखाई,उसके चलते चोरी की वारदात घटित होने के साथही ट्रेस हो गई। दरअसल ओछापुरा गांव में रात्रि के दौरान दीवार फांदकर एक व्यापारी के घर में घुसे चोरों ने परिवार के लोगों को कमरे में बंद करके सरसों से भरे 25-30 कट्टे चोरी कर लिए और उन्हें ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर रवाना हो गए,तभी घर के लोगों की नींद खुल गई और परिवार के लोग तत्काल ओछापुरा थाना पुलिस को साथ में लेकर दौड पडे। जिसके चलते चुराए गए सरसो के कट्टे मय ट्रैक्टर ट्रॉली मिल गए। इस मामले में ओछापुरा थाना पुलिस ने तीन अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर एक चोर को नामजद भी कर लिया है।

ओछापुरा थाना प्रभारी सुरेश धाकड ने बताया कि ग्राम ओछापुरा निवासी गिर्राज गुप्ता का परिवार जब सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात को गहरी नींद में सो रहा था,तभी चोर दीवार फांदकर गिर्राज गुप्ता के मकान में कूद गए और घर के लोग जिन कमरो में सो रहे थे,उनकी कुंदी बाहर से लगाने के बाद घर के अंदर से 25-30 कट्टे सरसों के भरे चुराकर ट्रैक्टर ट्रॉली में लेकर भाग गए। इस दौरान गिर्राज गुप्ता के लडके रवि की नींद खुल गई, लेकिन बाहर से कुंदी लगी होने के कारण वे कमरों से बाहर नहीं निकल सके,मगर उन्होंने पडोसियों को आवाज देकर घर की कुंदी खुलवाई और पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही हमने गश्त कर रही पुलिस टीम को तत्काल चोरी कर भाग रहे चोरों के पीछे लगा दिया,जिसके बाद चोर ट्रैक्टर-ट्रॉली को छोडकर भाग निकले।



### जिस ट्रैक्टर-ट्रॉली से बरामद हुआ माल,वह जीजा की निकली

थाना प्रभारी सुरेश धाकड ने बताया कि जिस ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त करते हुए उसके अंदर से चोरी का माल बरामद किया है,वह ट्रैक्टर-ट्रॉली नामजद हुए चोर रूपेश रावत पुत्र बाबू रावत निवासी ओछापुरा के जीजा दिनेश रावत निवासी झोपडी की बताई गई है। इस मामले में चोर रूपेश रावत के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है साथही उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। यहां बता दें कि रूपेश रावत अभी तक गांव के कई घरों में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दे चुका है,जिसकी शिकायत भी पुलिस तक आवेदन के जरिए पहुंची है।स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि चोर से पुरानी चोरियों को लेकर भी सख्ती के साथ पूछताछ की जाए।

# घर के पीछे गांजे की खेती करने वाले आरोपी को तीन साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

घर के पीछे स्थित खेत में गांजे की खेती करते हुए पकडे गए आरोपी को श्योपुर के विशेष न्यायालय ने तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुना दी है,साथही पांच हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया है। तीन साल पुराना यह मामला सेसईपुरा थाना क्षेत्र का है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि 9 अक्टूबर 2022 को सेसईपुरा के तत्कालीन थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह राजपूत ने घर के पीछे गांजे की खेती होने की सूचना पर ग्राम कुरोचार निवासी नबाव सिंह के घर पर दबिश दी। इस दौरान नबाव सिंह के घर के पीछे बने खेत में गांजे के पौधे खडे मिले। जिन्हें जब्त करते हुए उनका वजन कराया गया,जिनका वजन 5 किलो 200 ग्राम निकला। इस मामले में आरोपी नबाव यादव पुत्र मस्तराम यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर चालान श्योपुर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने विचारण के दौरान आरोपी नबाव यादव को तीन के सश्रम कारावास और 5 हजार के जुर्माने की सजा सुना दी।

# सोंईकलां कस्बे में निकली तिरंगा रैली उत्साह के साथ लिया विद्यार्थियों ने भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को सोंईकलां कस्बे में तिरंगा रैली निकाली गई।जिसमें शासकीय उमावि सोंईकलां और शामावि सोंईकलां के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और देशभक्ति नारो से कस्बे के माहौल को देशभक्तिमय कर दिया।

स्कूल परिसर से आरंभ हुई इस तिरंगा रैली में ग्राम पंचायत सोंईकलां के सरपंच हरिसिंह रावत, शाउमावि सोंईकलां के प्राचार्य अनिल भदौरिया, शामावि सोंईकलां के प्रधानाध्यापक अशोक शर्मा सहित विद्यालयीन शिक्षक और विद्यार्थी शामिल थे। विभिन्न मार्गो से होते हुए यह रैली वापस स्कूल परिसर में पहुंचकर सम्पन्न हुई।

# तिरंगामय हुआ वातावरण, जगह जगह निकाली गई तिरंगा यात्राएं

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिलेभर में वातावरण तिरंगामय हो गया है, इस क्रम में ग्रामों और शहरो में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है, वही स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरो पर तिरंगा फहराने के लिए लोगों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है। मंगलवार को एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में विजयपुर मुख्यालय पर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयपुर में विद्यार्थियों द्वारा विशाल मानव श्रंखला बनाई गई। एसडीएम कराहल मनोज गढवाल के नेतृत्व में स्वतंत्रता का उत्सव-स्वच्छता के संग थीम पर कराहल के ग्राम पर्तवाडा में गौशाला की साफ-सफाई की गई। सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय श्योपुर के स्टॉफ द्वारा



उत्साहपूर्वक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इसके साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित करते हुए रंगोली बनाई गई। उधर ढोढर कस्बे में ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर की अगुवाई में भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। कस्बे के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी इस तिरंगा रैली में शाउमावि ढोढर के प्राचार्य राजेन्द्र रावत सहित अन्य विद्यालय शिक्षक,थाना स्टाफ तथा बडी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

## 35 साल से फरार वारंटी को दबोचा

**श्योपुर।** 35 साल से फरार चल रहे एक वारंटी को विजयपुर थाना पुलिस के द्वारा दबोचा गया है। टीआई विजयपुर राकेश शर्मा ने बताया कि मेघा उर्फ मेघ सिंह पुत्र ज्ञान सिंह मल्लाह निवासी झोरियन का पुरा जिला अगरा उत्तरप्रदेश विजयपुर थाने का स्थाई वारंटी होकर पिछले करीब 35 साल से फरार चल रहा था,जिसे उत्तरप्रदेश से अरेस्ट कर न्यायालय विजयपुर में पेश किया गया।

### वन विभाग के अनुरोध पर भी जर्जर भवन घोषित नहीं कर रहा विभाग

# अब लोक निर्माण विभाग की स्वीकृति के चक्कर में अटका एनएचआई का नाला निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

शहर के शिवपुरी रोड पर श्रीराम तलाई हनुमान मंदिर के सामने स्थित फॉरेस्ट कार्यालय का जर्जर भवन नाला निर्माण में बाधा बन रहा है हालांकि वन विभाग ने उक्त जर्जर भवन को तोड़े जाने की मौखिक स्वीकृति दे दी है लेकिन भवन शासकीय होने के कारण इसे पहले क्षतिग्रस्त घोषित करना जरूरी है और यह काम तकनीकी विभाग ही कर सकता है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा जा चुका है लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग भवन को क्षतिग्रस्त घोषित करने के बजाए टाल मटोल कर रहा है, जिसके कारण नाला निर्माण उक्त स्थान से रुका हुआ है, उधर उक्त दुकानदारों ने भी प्रशासन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है जिनके थड़े और पक्के निर्माण एनएचआई ने नाला निर्माण के लिए सड़क की चौड़ाई की सीमा में आने के कारण तोड़ दिए हैं। दुकानदारों और नागरिकों का आरोप है कि 5 से 6 फीट तक बाहर निकल रहा सरकारी भवन को तोड़े बिना ही एनएचआई नाला बनाने का प्रयास कर रही हैं, जिससे मंदिर के सामने नाला ओवरफ्लो होकर गंदगी फैलाएगा।

दरअसल शहर में शिवपुरी रोड पर सड़क की चौड़ाई 50 मी के साथ नाला निर्माण किया जा रहा है इस चौड़ाई को पूरा करने के चलते जो भी निजी मकान रास्ते में आ रहे हैं उन्हें तोड़कर चौड़ाई अधिक बढ़ाई जा रही है कुछ शासकीय भवनों पर भी हथोडी चलाई गई है कहीं कोई दिक्कत परेशानी नहीं लेकिन श्री रामतलाई हनुमान मंदिर के सामने स्थित वन विभाग का पुराना भवन नाला से करीब 5 से 6 फीट बाहर आ रहा है इसे तोड़े जाने की मौखिक स्वीकृति वन विभाग ने दे दी थी लेकिन विभाग को भवन तोड़े जाने की स्वीकृति भोपाल से लेनी है इसके लिए भवन को जर्जर बताना जरूरी है लिहाजा वन विभाग ने इस संबंध में पीडब्ल्यूडी को पत्र लिख दिया है कि वह अपनी टेक्निकल टीम के माध्यम से उक्त भवन को जर्जर घोषित कर दे ताकि डिस्मेंटल किया जा सके पर पीडब्ल्यूडी विभाग भवन का परीक्षण करने में आना कानी कर रहा है जिसके चलते नाले का काम अटक गया है। हालांकि भवन के दोनों ओर करीब तीन किमी लंबाई में नाला निर्माण लगभग पूरा हो चुका है लेकिन इस जर्जर भवन के आगे काम रुका हुआ है। दुकानदारों का आरोप है कि एनएचआई काम को जल्दबाजी में करने के चलते भवन तोड़े बिना नाला बनाने के फिराक में है जिससे नाले का पानी हमेशा ओवरफ्लो होकर मंदिर के आगे सड़क पर बहता रहेगा।

### इनका कहना..

डीएफओ एवं एसडीओ के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी को भवन को डिस्मेंटल करने के लिए पत्र 31 जुलाई को ही लिखा जा चुका है ताकि विभाग से स्वीकृति ली जा सके लेकिन पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर मौका स्थल पर पहुंच ही नहीं पा रहे हैं।

**राघवेंद्र सिंह भदौरिया**
**रेंज आफिसर श्योपुर**

हमने हमारे घर का पक्का थड़ा और दूसरा निर्माण खड़े होकर इसलिए तुड़वाया है ताकि सड़क की चौड़ाई बढ़ जाए और नाला सीधा बने पर वन विभाग की बिल्डिंग नहीं टूटने से नाला टेढ़ा हो रहा है इससे पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर फैलेगा

**अशोक गोयल**
**पूर्व नपाध्यक्ष**

### ट्रेंकुलाइज कर लाई गई वापस, सीप और चंबल नदियों को पार कर पहुंची थी राजस्थान

# टाइगर के घर रणथंभोर में घुसी कूनो क्वीन मादा चीता ज्वाला ने किया बकरियों का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर


शनिवार को मानपुर क्षेत्र में दिखाई पड़ने वाली मादा चीता ज्वाला सोमवार को राजस्थान के खंडार वन्य परिक्षेत्र में दिखाई पड़ी। जहां उसने दो बकरियों का शिकार भी किया। टाइगर के लिए सुरक्षित इस क्षेत्र (रणथंभोर नेशनल पार्क वन्य परिक्षेत्र) में कूनो नेशनल पार्क की मादा चीता के दिखाई पड़ने से राजस्थान वन विभाग (रणथंभोर प्रशासन) अलर्ट हो गया और उसने मादा चीता को घेर कर मवेशियों के एक बाड़े में बंद कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। बाद पहुंची कूनो नेशनल अभ्यारण की टीम ने मादा चीता ज्वाला को मवेशी के उसी बाड़े में गन से ट्रेंकुलाइज किया और एंबुलेंस में रखकर वापस लौट आई।

रणथंभौर नेशनल पार्क की सीमा में कूनो नेशनल पार्क से आई मादा चीता "ज्वाला" की एंट्री से वन्यजीव प्रेमियों में उत्सुकता के साथ-साथ चिंता भी बढ़ गई। देर शाम ज्वाला को रणथंभौर पार्क क्षेत्र में देखा गया, जो एक दिन पूर्व मानपुर और काशीपुर में देखी गई थी। बताया जा रहा है कि देर शाम उसकी लोकेशन रामेश्वर त्रिवेणी संगम क्षेत्र में दर्ज हुई। ग्रामीणों के अनुसार, फतेहपुर गांव में गोवंश का शिकार करने के बाद ज्वाला सीप नदी पार कर बगदियां चंबल किनारे पहुंची। वहीं, मंगलवार अलसुबह बहरावंडा कलां थाना क्षेत्र के करीरा गांव में उसने दो बकरियों का शिकार कर लिया। घटना के बाद से वह बकरियों के बाड़े के पास ही मौजूद है। मौके पर कूनो अभ्यारण्य की ट्रैकिंग टीम और राजस्थान वन विभाग की टीम उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए थी।



### शावकों को छोड़ नई टेरिटरी बनाने की कवायद में ज्वाला

वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार, यह मूवमेंट संभवतः ज्वाला के नए क्षेत्र (टेरिटरी) बनाने की कवायद है। ऐसे मामलों में जंगली जीव अक्सर अपने पुराने क्षेत्र से निकलकर नए इलाकों में जाते हैं, मादा चीता अपने शावकों को करीब 6 माह अपने साथ रखती है बाद में उनका त्याग कर दूर चली जाती है। ओर खुद नए साथी की तलाश में जुट जाती है। वह ऐसा स्थान का चयन भी करती है जहां उन्हें पर्याप्त शिकार और अनुकूल वातावरण मिल सके। रणथंभौर का इलाका शिकार प्रजातियों से भरपूर है, शायद ज्वाला इसी लिए आकर्षित हुई है।



### भीड़ के बीच पालतू मवेशी की तरह किया बाड़े में बंद

रणथंभौर नेशनल पार्क के वन कर्मियों ने मादा चीता ज्वाला को जिस तरह से मवेशी के बाड़े में बंद किया वह हास्यास्पद दिखाई पड़ता है वायरल वीडियो में मादा चीता एक बकरी को दांतों और पंजे से पकड़े हुए दिखाई पड़ रही है और वनकर्मी इस बकरी को दूसरी ओर से खींच कर ले जाते दिखाई दे रहे हैं। मादा चीता ज्वाला बकरी के साथ खींची हुई जाते दिख रही है जिसे वनकर्मी बाड़े तक खींच कर ले जाते हैं बाद में बकरी को बाड़े के अंदर रख उसे इस तरह बुलाते हैं जैसे कोई पालतू जानवर को बुलाया जाता है। मादा चीता इस दौरान सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ बाड़े के चारों ओर एकत्रित हो गई थी लेकिन मादा चीता लोगों की उपस्थित से बिल्कुल भी विचलित दिखाई नहीं पड़ी वह वन कर्मियों के हाथों से ही बकरी को छीनकर खाने खाती दिखाई पड़ी।

### सिविल हॉस्पिटल के स्थान परिवर्तन को लेकर महा पंचायत आयोजित

# छवि बिगाड़ने के लिए मुझ पर लगाए जा रहे हैं झूठे आरोपः रामनिवास

**पूर्व विधायक मेवरा बोले हमारी मांग को किया अनसुना तो होगा तीव्र विरोध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

सुना है अस्पताल स्थान परिवर्तन को लेकर मेरे ऊपर आरोप लगाए जा रहे हैं। न तो मेरी वहां कोई जमीन है न ही मेरा मकान, में 100 दिन गांव में रहता हूं तो 200 दिन विजयपुर में लोगों की समस्या सुनने टिकता भी हूं। मुझे भी विजयपुर की उतनी ही चिंता है जितनी आप लोगों को है आप लोग चाहते हैं कि विजयपुर मुख्यालय पर ही सिविल अस्पताल बने तो मैं भी आपके साथ हूं मैं पूरी शक्ति लगा दूंगा पर विजयपुर से सिविल अस्पताल को बाहर नहीं जाने दूंगा। यह बात पूर्व मंत्री रामनिवास रावत ने मंगलवार को प्रभु उत्सव वाटिका में सिविल अस्पताल स्थल परिवर्तन को लेकर आयोजित महापंचायत में समुदाय को संबोधित करते हुए कही।

अस्पताल स्थान परिवर्तन को लेकर आयोजित महापंचायत में पहुंचे पूर्व मंत्री रामनिवास रावत ने उन लोगों को खूब आडे हाथों लिया जो इस आंदोलन के पीछे उनकी छवि खराब करने में लगे हुए थे। उन्होंने कहा कि सभी को याद है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर को सिविल अस्पताल का दर्जा दिलाने में उन्होंने कितना योगदान दिया है। विजयपुर की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को देखते हुए ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यहां सिविल अस्पताल को मंजूरी दिलवाई है ताकि हमारे क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए सबलगढ़ मुरैना या ग्वालियर न जाना पड़े। इस दौरान पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा ने सिविल अस्पताल को पुराने भवन को तोड़कर बनाए जाने की मांग करते हुए कहा कि अगर हमारी मांग को अनसुना किया गया तो विजयपुर में जन विरोध का प्रशासन को ऐसा सामना करना पड़ेगा जिसे संभालना मुश्किल हो जाएगा। इस दौरान भाजपा नेता अरविंद जादौन गुड्डू सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि समाजसेवी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बाद में अस्पताल को पुराने भवन वाले स्थान पर ही बनाने को लेकर एसडीएम अभिषेक मिश्रा को ज्ञापन सौंपा गया।



## खबर संक्षेप



### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अम्बेडकर मोहल्ला निवासी रवि अरिहवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सागर, मंजीत और रोहित अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे रवि,भवानी और संतोष ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढौरा निवासी कपिल साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पवन, गौरव और मोन्टी साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से पवन साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कपिल और मदन साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सेमरी जुम्मन निवासी जितेन्द्र अरिहवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सौरभ अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पचलाना निवासी केसरी सिंह रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरगोविंद, धनपाल, कान्हा, कल्लू, और राहुल परिहार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रूसल्ला खुर्द निवासी केहरी सिंह रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मेहरवान, प्रवीण और पवन ने उसकी बाइक तोड दी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुकरेठा चक निवासी धर्मपाल सिख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विजय यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### जुआ के अड्डों पर छापामार कार्रवाई, कई आरोपी पकड़े गए

**अशोकनगर।** जिले में पुलिस ने कईं स्थानों पर ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत राठौर वाली गली पिपरई में जुआ खेलते हुए पुलिस ने गोपाल अहिरवार, मनोज अरिहवार, करण कौरी, राकेश अहिरवार, आशीष अहिरवार, राजाराम अहिरवार को गिरफ्तार किया है जिनके पास से 2020 रूपये और ताश की गडडी बरामद की गई है। जिले की देहात थाने के पुलिस ने शंकर कॉलोनी में अनिल जोशी के घर के पीछे ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए सोनू अहिरवार, अभिषेक जाटव, रामबाबू रजक को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 2700 रूपये और ताश की गडडी बरामद की है। कोतवाली पुलिस ने पठार मोहल्ला में ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए अशोक प्रजापति, सतोष रजक, शिवप्रसाद साहू को गिरफ्तार किया है जिनके पास से 1330 रूपये और ताश की गडडी बरामद की गई हैं। कोतवाली पुलिस ने जलसा गार्डन के पास ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए रामकिशन ओझा, नीरज राय, मनोज जाटव को गिरफ्तार किया है जिनके पास से 500 रूपये और ताश की गडडी बरामद की गई है।

### जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। सिटी कोतवाली के अंतर्गत नेहरू डिग्री कॉलेज के सामने कार चालक अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक चालक को चोटे आई हैं। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत अरविंद निवासी करारी थाना जखौरा जिला ललितपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बाइक के चालक ने चंदेरी राजघाट रोड़ पर उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से आंनद विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बाइक चालक ने अपने वाहन चालक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

## शहर के पोलोग्राउंड से विधायक व कलेक्टर ने हरी झंडी

# हर घर तिरंगा अभियान में गूंजे हर घर तिरंगा हर घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

देश के 79 में स्वाधीनता दिवस पर संस्कृति मंत्रालय एवं जलशक्ति मंत्रालय द्वारा हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत देशभर में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला मुख्यालय पर प्रशासन एवं विभागीय कर्मचारियों के साथ स्कूली बच्चों एवं अर्ध सैनिक बलों की मौजूदगी में तिरंगा यात्रा निकाली गई। पोलो ग्राउंड पर सुबह 10 बजे विधायक देवेंद्र जैन, कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी व पुलिस कप्तान अमन सिंह राठौड़ द्वारा हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया गया। इस दौरान तिरंगा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई वापस पोलो ग्राउंड पर जाकर समाप्त हुई। इस यात्रा में कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी, विधायक देवेंद्र जैन, एसपी अमन सिंह राठौड़, एडीएम दिनेश चंद्र शुक्ला, जिपं सीईओ हिमांशु जैन, डीएफओ सुधांशु यादव, डिप्टी कलेक्टर ममता शाक्य, डीईओ विवेक श्रीवास्तव, एडीपीसी राजाबाबू आर्य, डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार व सीएमओ महेश जाटव व आइटीबीपी व सीआरपीएफ के जवान सहित सभी विभाग प्रमुख, कर्मचारी, शिक्षक एवं स्कूली छात्र.छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### पोलो ग्राउंड से कोर्ट रोडएमाधव चौक, गुरुद्वारा व तात्याटोपे समाधि स्थल से वापस पहुंची यात्रा



शहर के पोलो ग्राउंड से कलेक्ट्रेट के सामने से होकर सुबह 10 बजे तिरंगा यात्रा शुरू हुई जोकि शहर के अस्पताल चौराहाए कोर्ट रोडएमाधव चौक व गुरुद्वारा होते हुए राजेश्वरी रोड से तात्या टोपे समाधि स्थल होकर दोपहर 12 बजे पोलो ग्राउंड पहुंची। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व विधायक देवेंद्र जैनएकलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी व पुलिस अधीक्षक रमन सिंह राठौड़ कर रहे थे। इस दौरान कलेक्टर चौधरी द्वारा खुद भारत माता की जय और हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता के नारे लगाए गए। इस पूरी यात्रा के दौरान खास बात यह रही कि यह तिरंगा यात्रा जब माधव चौक पर थी तब पीछे 500 मीटर अस्पताल चौराहे तक अधिकारी कर्मचारी व महिला बाल विकास की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएएनसीसी कैडेटए स्काउट व उत्कृष्ट विद्यालयए सदर बाजारए कन्या कोर्ट रोड कन्या शिक्षा परिसर व बाल शिक्षा निकेतन के स्कूली बच्चे हाथों में तिरंगा थामे नारे लगाते हुए चल रहे थे।

### कर्तव्यों की भावना को सुदृढ़ करने का है मकसद

कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि देश के 79वे स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। देश के संस्कृति एवं जल शक्ति विभाग द्वारा हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सवए स्वच्छता के संघ विषय पर आधारित का आयोजन 8 से 15 अगस्त तक किया जा रहा है। यह अभियान सामूहिक उत्सव और नागरिक कर्तव्यों की भावनाओं को सुदृढ़ करने के मकसद से तैयार किया गया है जिसमें गांव गांवए ग्राम पंचायतोंएशहरों एवं महानगरों में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसके तहत स्वच्छ एवं सुजल गांव की अवधारणा को स्वतंत्रता की भावना से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री की प्रभावी डब्ल्यूएएसएच वाश यानी कि वॉटर सैनिटेशन एंड हाइजीन की संकल्पना को आगे बढ़ाया जाएगा।

### 20 ग्रामों में हर-घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित हुईं प्रतियोगिताएं

**बीना।** बीपीसीएल द्वारा संचालित कार्यक्रम समत्व के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम चक्क आगासौद एवं कठाई में हर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों तथा ग्रामीणों की उपस्थित रहे। इस मौके पर बच्चों ने रैली निकाली साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता में शहीदों के चित्र बनाकर हर-घर तिरंगा का संदेश दिया। सभी 20 ग्रामों में हर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ग्रामों में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों तथा ग्रामीणों की उपस्थिति रही। बच्चों ने चित्रों, निबंध एवं प्रश्नोत्तर के माध्यम से हर-घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को तिरंगे की महत्ता व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बारे में अवगत कराया और सम्मान के साथ तिरंगा यात्रा निकालकर ग्रामीण जनों में तिरंगे के प्रति प्रेम - सम्मान को बढ़ाया।



### शहर में आज निकलेगी तिरंगा यात्रा

**बीना।** भाजपा नगर मंडल के द्वारा आज शहर में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि तिरंगा यात्रा आज सुबह साढ़े 11 बजे श्री कटरा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर, शहर के अन्य मार्गों से होकर निकाली जाएगी। महामंत्री आलेख राय ने सभी जनप्रतिनिधिओं, पार्टी पदाधिकारियों एवं ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं मातृशक्ति एवं युवा साथियों से आयोजित तिरंगा यात्रा में समय पर पधारकर राष्ट्रभक्ति के इस भव्य आयोजन की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

# राखी बंधवाने जा रहा भाई नरेन में फंसा, रेस्क्यू करके निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

बहन के घर राखी बंधवाने जा रहा भाई नरेन नदी के बीचों बीच बने टापू में फंस गया। जिसे भानगढ़ पुलिस ने एसडीआरफ एवं ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। भानगढ़ थाना प्रभारी सतेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि लालाराम पिता नारायण आदिवासी उम्र 30 नि ग्राम आमखेड़ा सोमवार को अपनी बहन से राखी बंधवाने बहन के गांव मुअली बालाबेहट उत्तर प्रदेश जा रहा था। जो करीब 5 बजे ग्राम भैंसवाहा के पास नरेन नदी पार करते समय नदी का जलस्तर बढ़ जाने एवं बहाव तेज होने से उसमें बह गया और नदी के बीचों बीच एक टीले पर फंसा रहा। सूचना मिलने पर रात भर चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मंगलवार सुबह करीब 7 बजे एसडीआरएफ टीम बीना, ग्रामीण संजय यादव, रामबाबू यादव, वकील यादव, निर्भान यादव, मस्तान यादव, रामवरन यादव सरपंच तथा थाना भानगढ़ पुलिस स्टाफ थाना प्रभारी सतेन्द्र सिंह भदौरिया, एएसआई जमुना प्रसाद रजक, प्रधान आरक्षक योगेन्द्र तिवारी, आरक्षक अजय रघुवंशी द्वारा सही सलामत रेस्क्यू किया। थाना प्रभारी ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन एसडीओपी नितेश पटेल के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें महत्वपूर्ण भूमिका थाना प्रभारी बीना अनूप यादव एवं उनके थाना स्टाफ की रही।

### नि:शुल्क मल्टी स्पेशयल्टी कैंप आज, मिलेगी नि:शुल्क परीक्षण व नि:शुल्क सर्जरी की सुविधा

**शिवपुरी।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत नि:शुल्क मल्टी स्पेशयल्टी कैंप का आयोजन 13 अगस्त 2025 को सुबह 11 बजे से नक्षत्र गार्डन में किया गया है। जिसमें बीआईएमआर हॉस्टपीटल ग्वालियर, रतन ज्योति नेत्रालय ग्वालियर, अनंत हार्ट हॉस्टपील भोपाल, लाहोटी हॉस्पीटल भोपाल और शिवपुरी मेडीकल कालेज के विशेषज्ञ चिकित्सक रोगियों का उपचार करेंगे। भारतीय रेडक्रास सोसायटी के उपाध्यक्ष आलोक एम इन्दौरिया एवं सचिव समीर गांधी ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि रेडक्रास के अध्यक्ष एवं कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी की मंशा के अनुसार जिले के रोगियों के नि:शुल्क उपचार के लिए 13 अगस्त 2025 को नक्षत्र गार्डन वायपास रोड शिवपुरी में सुबह 11 बजे से मल्टी स्पेशयल्टी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी चिकित्सालयों से विशेषज्ञ चिकित्सकों को बुलाया गया है। जिनमें नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ रिया डिसिलवा, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ प्रशांत श्रीवास्तव, ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ दीपांशु सिंधल, डॉ निशांत गिरासे प्रमुख हैं। कैंप में ईको, ओएईए ओडियो मेटरीए रेटीनेस्कोपए इन डारेक्ट आदि मशीनी परीक्षण रोगियों को नि:शुल्क प्रदाय किया जाएगा।

## राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में आबकारी उप निरीक्षक तीर्थराज ने जीता गोल्ड

### 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल संवर्ग में अव्वल रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शिवपुरी राइफ ल एशोसिएशन के सदस्य डॉ तीर्थराज भारद्वाज ने इंदौर में आयोजित 28 वी राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल अर्जित किया है। डॉ भरद्वाज आबकारी विभाग में उप निरीक्षक के पद पर शिवपुरी में पदस्थ हैं। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश भर की राइफल एसोसिएशन के सदस्यों ने भाग लिया। 25 मीटर स्टेन्डर्ड पिस्टल संवर्ग में डॉ भारद्वाज ने सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए अव्वल स्थान अर्जित कर गोल्डमेडल हासिल किया है। शिवपुरी शूटिंग एकेडमी के कोच हनी जाट के कुशल मार्गदर्शन में शिवपुरी के निशानेबाज लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। डॉ भारद्वाज की इस उपलब्धि पर इष्ट मित्रों ने बधाई दी है।



# शहर के राम शर्मा रायपुर में दुर्लभ दस्तावेजों की लगाएंगे प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

अवनी एजुकेशन सोसाइटी बिरला ओपन माइंडस स्कूल रायपुर एवं अथक पाठ संग्रहालय के तत्वाधान में 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर ₹जरा याद करो बलिदान₹ के अंतर्गत भारत के स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रांतिकारी की दुर्लभ स्मृतियों की एक विशाल प्रदर्शनी जोरा मॉल जोरा रायपुर में लगाई जाएगी। गौरतलब है कि प्रदर्शनी के माध्यम से देश की युवा पीढ़ी को भारत के स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन चरित्र से परिचय एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से जुड़ी स्मृतियों को प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बीना निवासी राम शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महापौर मीनल चौबे, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, दक्षिण रायपुर विधायक सुनील सोनी, धरसीवा विधायक अनुज शर्मा, एवं खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडे प्रदर्शनी में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।




## इटावा जैन मंदिर में बेटी सम्मेलन का हुआ आयोजन

# बेटी सुरक्षित है तो सारा देश सुरक्षित होगाः सिरोठिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना




श्री नाभिनंदन दिगंबर जैन मंदिर इटावा में बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन आचार्यश्री गुरुवर विद्यासागर महाराज, आचार्यश्री गुरुवर समय सागर महाराज के शिष्य मुनिश्री सुब्रत सागर महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। सम्मेलन में की शुरुआत एसडीओपी बीना, थाना प्रभारी अनूप यादव एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, डॉक्टर ब्रह्मचारी रश्मि दीदी जैन, ब्रह्मचारिणी निधि जैन और ब्रह्मचारिणी मनी दीदी के द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए की गई। उपस्थित अतिथियों ने अपने अपने वक्तव्य के द्वारा बेटियों को उनके जीवन के मूल्यांकन करने में मदद की और बेटियों का जीवन किस प्रकार से महत्वपूर्ण होता है और उनकी समझ में क्या भूमिका होती है आदि के बारे में बेटियों को जानकारी दी।

इस अवसर पर गौरव सिरोठिया ने कहा कि मैं अभी तक बहुत कार्यक्रमों में शामिल हुआ। लेकिन मेरे जीवन का यह पहला कार्यक्रम है जो इस प्रकार से समाज की बेटियों को संस्कारित करने का अनूठा कार्यक्रम किया जा रहा है। वास्तव में यह कार्यक्रम सिर्फ जैन समाज का नहीं अपितु पूरे बीना और पूरे देश को करना चाहिए। क्योंकि सारे धर्म और संस्कृतियों की आधारशिला बेटियों के कंधों पर है। अगर बेटी सुरक्षित होगी तो सारा देश सुरक्षित हो जाएगा। डॉक्टर ब्रह्मचारिणी रश्मि दीदी ने कहा कि बेटिया अपने लक्ष्य और अपनी सीमा को पहचाने और अपने पद पर सतत चलते रहे। बेटियों को ब्रह्मचारिणी निधी दीदी ने भी संबोधित किया। अंत में मुनिश्री ने बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर बेटी संस्कारित हो गई तो धर्म की सुरक्षा व्यवस्था हो सकती है, अन्यथा नहीं। साथ-साथ मुनि श्री ने बेटियों को अपने परिवार के साथ रहने और आत्महत्या न करने का संकल्प भी कराया। मुनि श्री ने कहा कि जैसे पतंग आकाश में उड़ना चाहती है, किंतु जब तक ही उड़ेगी तब तक उसकी डोरी किसी के हाथ में हो।

इसलिए हम आप लोगों को संस्कार देकर आपकी डोरी अपने हाथ में लेकर आपकी ऊंचाइयों को बढ़ाना चाहते हैं। जैसे आप लोग मोबाइल खरीद कर उसको सुरक्षित रखती है। इसी तरह से हम आपकी सुरक्षा में आपके जीवन की सुरक्षा में भविष्य की सुरक्षा में निरंतर खड़े हुए हैं। अगर आप चाहे तो अपने जीवन को सुरक्षित कर सकते हैं। समाज को देश को सुरक्षित कर सकते हैं। सुब्रत धाम कमेटी और विद्या सुब्रत संघ की माता बहनों के द्वारा उपस्थित बेटियों का मेडल, प्रमाण पत्र और एक बैग देकर सम्मानित किया।

## भुजरिया मिलन समारोह का आयोजन

# एक बार फिर इकट्ठा हुए दिग्गज राजनीतिक, निकाले जा रहे मायने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

कस्बे के समीपस्थ ग्राम रूसल्ला के बजरा चक्क पर जिला पंचायत सदस्य रानी अजयपाल सिंह यादव के यहां भुजरियां मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि ओर सक्रिय राजनीतिक लोगों ने एक दूसरे से भुजरियां बदली और एक दूसरे को गले मिलकर के बधाई दी।ओर एक दूसरे से अपनी आगे पीछे की गलतियों की माफी मांगी गई।

इस समारोह मे जिले की तीनों अशोकनगर, मुंगावली, चंदेरी, विधानसभा के जनप्रतिनिधि और राजनीतिक लोग एक स्थान पर इकठ्ठा हुए। इस मिलन समारोह से एकबार फिर राजनीतिक हलचल में तरह तह के कयास लगाए जाने लगे कि अब कुछ बड़ा होने बाला हैं या फिर कुछ नया होने बाला हे। जैसा कि पूर्व में भी जो रणनीति बनती थी वो यहीं बजरा चक्क पर ही बनती थी।जो कि तीनों विधान सभा में उनकी सक्रियता ओर ताकत का अहसास विधान सभा चुनाव परिणाम से कराया था। ओर एक बार फिर वही टीम नए सीरे से तैयार होती दिख रही हे। जिससे राजनीतिक गलियारों में फिर कयास लगने लगे हैं कि जिले की राजनीति में कुछ नया होने जा रहा इस दौरान अजयपाल सिंह रूसल्ला,महिपाल सिंह झल्लू राजा जनपद अध्यक्ष चंदेरी, लक्ष्मण सिंह यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, सुखभानसिंह यादव प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष, जयपाल सिंह यादव पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजपुर आदि शामिल थे।

## तिसांटा धाम अमोला में हुआ शिवमहापुराण का आयोजन

# कलश यात्रा निकालकर कथा का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा।

करैरा ब्लॉक के सिद्ध स्थल तिसांटा धाम अमोला में कलश यात्रा के साथ संगीतमय शिव महापुराण समारोह का शुभारंभ किया गया।तिसांटा धाम पर शिव महापुराण का श्रवण पूरन आचार्य विजय कुमार कटारे गढ़ी बरौद वालों द्वारा किया जा रहा है। शिव महापुराण के संयोजक संत पुरुषोत्तम गिरी खड़ेश्वरी महाराज, मुख्य यजमान शशिकांत पांडे सिरसौद व सहायक यजमान के रूप में तरुण शर्मा, चतुर सिंह गौर व जसवंत सिंह गौर द्वारा यह आयोजन कराया जा रहा है। इस मौके पर आयोजित हो रहे संगीतमय शिवमहापुराण में सुजान सिंह पाल, परमाल सिंह बनाफर, हरीराम पाल व ग्राम अमोला क्रेशर, टपरियन, नया अमोला, दांगीपुरा, रामपुरा, छान, खुटैला, गतवाया व लाल टपरिया के ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं से शिवमहापुराण का श्रवण कर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।



### हवन, पूर्णाहुति व भंडारे के साथ 17 को होगा समापन

शिव महापुराण के मुख्य यजमान शशिकांत पांडे ने बताया कि तिसांटा धाम परमहंस कैलाश गिरी जी महाराजए नीलगिरी महाराज खूबी दद्दा व विष्णु भारती महाराज की तपस्थली रहा है।इस दौरान रविवार को सिंध नदी से तिसांटाधाम मंदिर तक एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद गणेश पूजन के साथ पं विजय कुमार कटारे द्वारा शिव महापुराण प्रारंभ किया गया। क्षेत्र के भक्तजनों ने श्रद्धा भाव के साथ आचार्य के श्रीमुख से संगीतमय शिव महापुराण का श्रवण किया।शिव महापुराण का समापन रविवार 17 अगस्त को हवन पूर्ण आहुति एवं प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा।